BA Part II(H)
Paper IV

Dr. Chiranjeev Kr. Thakur
Assistant Professor (GT)
Department of Sociology
VSJ college Rajnagar

प्रश्नावली के गुण (Merits of Questionnaire) => पढ़ें अध्ययन

विषय से सम्बन्धित क्षेत्र बहुत बड़ा अथवा व्यापक होता है तो प्रश्नावली के अतिरिक्त किसी भी दूसरी प्रविधि के द्वारा तथ्यों का संग्रह करना बहुत कठिन हो जाता है। इस दृष्टिकोण से इसके गुण इस प्रकार है-

1) व्यापक क्षेत्र का अध्ययन => इसकी सहायता से एक विस्तृत क्षेत्र का अध्ययन सफलतापूर्वक किया जा सकता है। इसके फलस्वरूप इस प्रविधि की सहायता से न केवल साक्षात्कार सम्बन्धी दोषों को ही दूर किया जा सकता है बल्कि बहुत कम समय में और कम व्यय में अधिकाधिक सूचनाओं को प्राप्त करना भी सम्भव हो जाता है।

2) अध्ययन की पुनरावृत्ति सम्भव => इस प्रविधि के द्वारा एक से अधिक बार तथ्यों का संकलन करना भी सम्भव है। अनेक अध्ययन विषय ऐसे होते है जिनमें तथ्यों को एक बार एकत्रित कर लेना ही पर्याप्त नहीं होता। ऐसी स्थिति में यह प्रविधि अध्ययनकर्ता को कुछ व्यक्तियों से बार-बार तथ्य प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है।

3) तथ्य संकलन में शीघ्रता - प्रश्नावली के द्वारा बहुत कम समय में ही अधिक सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है। इसकी सहायता से अध्ययनकर्ता द्वारा उत्तरदाता से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करने में व्यतीत होने वाले समय की बचत कर सकता है।

4) धन और श्रम की बचत ⇒ तथ्य संकलन में यह प्रविधि इसलिए भी उपयोगी है कि इसमें बहुत कम व्यय और श्रम की आवश्यकता होती है। इसके अन्तर्गत मुख्य व्यय केवल प्रश्नावली की छपाई और डाक से सम्बन्धित होता है। अध्ययनकर्ता एक स्थान पर रहकर ही सम्पूर्ण अध्ययन को सरलता से व्यवस्था कर सकता है।

5) वस्तुनिष्ठ सूचनाओं की सम्भावना ⇒ प्रश्नावली की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसके अन्तर्गत उत्तरदाताओं की स्थिति पूर्णतया अज्ञात रहती है। उत्तरदाता कोई भी सूचना देते समय इस बात के प्रति आश्वस्त रहता है कि अध्ययनकर्ता उसे व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता तथा उसके द्वारा दी गयी सूचनाएँ पूर्णतया गुप्त रहेंगी।

6) उत्तरदाता के लिए सुविधाजनक ⇒ उत्तरदाताओं के दृष्टिकोण से भी प्रश्नावली अन्य प्रविधियों की तुलना में अधिक सरल प्रविधि है। एक उत्तरदाता जब डाक द्वारा प्रश्नावली प्राप्त करता है तो उसे उत्तर देने के लिए काफी समय मिल जाता है।

7) सांख्यिकीय विश्लेषण में सरलता ⇒ प्रश्नावली प्रणाली का एक महत्वपूर्ण गुण यह है कि इसके द्वारा प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण सारणीयन तथा सांख्यिकीय विश्लेषण अधिक कुशलता के साथ किया जा सकता है।

8) उपयोग में सरलता ⇒ प्रश्नावली स्वयं में एक सरल प्रणाली है। इसके अन्तर्गत उत्तरदाता को एक बार निश्चित निर्देश दे देने के पश्चात अध्ययनकर्ता को प्रश्न की विवेचना अथवा स्पष्टीकरण के लिए कहीं भी श्रम नहीं करना पड़ता।